लोक सभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 7 मार्च, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः "मैं सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं देती हूं। स्त्री एक माता के रूप में जीवनदायिनी है और प्रकृति के सृजन के नियमानुसार एक सशक्त जीव ही सृजन करने में समर्थ है । महिलाएं पुत्री, बहन, पत्नी, माता जैसे कई रूपों में समाज के उत्थान के लिए सदैव योगदान करती आ रही है । स्त्री राष्ट्र की शक्ति का स्रोत है । हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि वह भी मनुष्य है और समाज का एक महत्वपूर्ण घटक है । निर्णय लेने की प्रक्रिया, राष्ट्र निर्माण एवं जीवन के हर क्षेत्र में विकास के कार्यों में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए हमें इस विचार का निरंतर प्रचार-प्रसार करना होगा । इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय भी यही है- महिलाओं का सशक्तीकरण मानवता का सशक्तीकरण है-इसे हमें जीवन के हर क्षेत्र में मूर्त रूप में लागू करना सुनिश्चित करना है ।

इस अवसर पर हम महिला-पुरूष सहभागिता और महिला सशक्तीकरण को सार्थक मूर्त स्वरूप देने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें तथा नारी शिक्षा, सशक्तीकरण और पहचान में विषमताओं को कम करने के प्रति अपनी संवेदनापूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त करें । "